घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, परिजनों में मचा कोहरम

बछवाड़ा/बेगूसराय/संवाददाता। चिरंजीवीपुर में सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी।मौत के बाद बुधवार की देर शाम युवक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया।शव को देखने के लिए आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गयी।परिजनों के चीख और चित्कार से देखने वाले लोगों का दिल दहल गया। सभी लोग नमः आंखों से परिजनों को देख रहे थे।बताते चलें कि चिरंजीवीपुर पंचायत के वार्ड संख्या छह निवासी अनिल पासवान का लगभग 15 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार व नगीना पासवान का लगभग 20 वर्षीय पुत्र कुन्दन कुमार दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर विगत शनिवार को अपने रिलेटिव से मिलकर लौट रहा था।समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के पांड़ बल्लोचक के समीप एसएच 88 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने दोनों घायल युवक को इलाज के लिए दलसिंहसराय अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया।जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉ ने कुन्दन कुमार को मृतक घोषित कर दिया था।वहीं एक अन्य घायल सौरभ कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।उक्त युवक की मौत पटना के एक निजी अस्पताल में बुधवार को ईलाज के दौरान हो गया।

पारिवारिक कलह को ले एक महिला ने फांसी के फंदे से झूल कर की खुदकुशी

बछवाड़ा/बेगूसराय/संवाददाता। थाना क्षेत्र के रानी दो पंचायत के बेगम सराय गांव में पारिवारिक कलह को लेकर एक महिला ने फांसी के फंदे से झूल कर खुदकुशी कर लिया है।महिला के फांसी के फंदे से झूलने की खबर इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गया और देखने वाले लोगों की भीड़ जमा हो गई।मृतक महिला की पहचान रानी दो पंचायत के बेगम सराय गांव वार्ड संख्या 4 निवासी सुनील सहनी की 45 वर्षीय पत्नी साधना देवी के रूप में की गई है।महिला के फांसी के फंदे से झूलकर मौत की खबर परिजनों में कोहराम मच गया।परिजनों के चीख चीत्कार से मौजूद लोगों का दिल दहल गया व आंखें नम हो गई।मौत की खबर सुनकर स्थानीय जनप्रतिनिधि व समाजसेवी कार्यकर्ता मृतक के घर पहुंच कर पीड़ित परिवार को सांत्वना दिया व ढांढस बंधाया।स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना बछवाड़ा थाना पुलिस को दी गई।फांसी के फंदे से झूलकर खुदकुशी करने की सूचना पाकर बछवाड़ा थाना पुलिस घटनास्थल बेगमसराय गांव पहुंचकर मृतक महिला के शव को अपने कब्जे में लिया व पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला के परिवार में अक्सर पारिवारिक कलह होते रहता था।पारिवारिक कल से तंग आकर महिला ने फांसी के फंदे से झूल कर खुदकुशी कर अपनी अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया है।मामले को लेकर थानाध्यक्ष बछवाड़ा अमित कुमार कांत ने बताया कि बेगम सराय गांव में पारिवारिक कलह को लेकर एक महिला ने खुशी कर लिया है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।आवेदन मिलने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उत्पात विभाग के वाहन की चपेट में आने से युवक जख्मी

मंझौल/बेगूसराय/संवाददाता। गुरुवार को चेरियाबरियारपुर थाना क्षेत्र के भरकाहा चौक के निकट उत्पात विभाग की वाहन की चपेट में आने से 36 वर्षीय युवक जख्मी हो गया।जिसकी पहचान श्रीपुर पंचायत के परमानंदपुर निवासी राम स्वारथ पासवान के पुत्र सोहन पासवान के रूप में हुई है।सूचना मिलते ही पुलिस ने जख्मी युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चेरिया बरियारपुर ले गई।जहां से चिकित्सकों ने जख्मी के गंभीर स्थिति को देखते हुए बेगूसराय रेफर कर दिया।स्थानीय लोगों ने बताया कि पीड़ित युवक अपने गांव प्रमानंदपुर से भरकाहा चौक की तरफ आ रहा था।इसी दौरान चेरियाबरियारपुर की ओर उत्पात विभाग की गाड़ी आ रही थी। इसी क्रम भरकाहा चौक समीप चपेट में आने से जख्मी हो गया।

मुजफ्फरा मीडिल स्कूल के समीप बिजली ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, मची अफरातफरी

वीरपुर/बेगूसराय/संवाददाता। गुरुवार को डीह पर पंचायत के मुजफ्फरा मीडिल स्कूल के समीप लगे एक बिजली का ट्रांसफर में अचानक आग लग गई। ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने आग लगी स्थल पर पहुंचकर मिट्टी व बालू डालकर ट्रांसफार्मर पर लगी आग को घंटों मशक्कत बाद काबू पाया।यह ट्रांसफार्मर 100 केवी का था ।आग लगने से ट्रांसफार्मर जल कर खराब हो गया है।आग लगी की घटना को लेकर घंटों भर अफरा तफरी मची रही।वहीं इस संबंध में वीरपुर बिजली विभाग के जेई से पूछने पर बताया कि मुजफ्फरा में बिजली ट्रांसफार्मर में आग लगने की जानकारी मिली है।

उमस भरी गर्मी और तपिश का कहर

धूप की चपेट में आने से बीआरपी सहित तीन शिक्षक बेहोश

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंसूरचक में भर्ती

सड़क पर 11 बजे के बाद छाया रहा सनाटा

मंसूरचक/बेगूसराय/संवाददाता। लगातार उमस भरी गर्मी और तापमान का पारा परवान चढ़ने के कारण मंसूरचक में गुरुवार को करीब 12 बजे विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण करते हुए बीआरपी चन्द्रभूषण चौरसिया जब नवसृजित प्राथमिक विद्यालय आगापुर निरीक्षण करने ज्यों ही पहुंचे कि पूरे पसीना से शरीर भींग गया और वहीं बेहोश होकर गिर गये।उनको गिरते देख सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बीआरपी को टांग कर बेंच पर लिटा दिया।उसके बाद डाक्टर को बुलवाकर इलाज करवाया।घंटो भर विद्यालय के अतिरिक्त ग्रामीण लोगो के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम रहा।दूसरी तरफ मध्य विद्यालय फरछीवन के प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार सिंह,शिक्षक सुजीत रजक सहित कन्या मध्य विद्यालय के एक शिक्षक विद्यालय में ही करीब 12:30 बजे बेहोश होकर गिर गये।चिंताजनक स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों के सहयोग से उक्त शिक्षक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंसूरचक में भर्ती करवाया गया हैं।जहां इलाज जारी हैं।अस्पताल के डाक्टर ने बताया कि अधिक तपिश के कारण बेहोशी की हालत हुई हैं।इलाज चल रहा हैं होश आने के बाद ही विशेष कुछ बताया जायेगा।इस उमस भरी गर्मी ने विगत कई सालों का रिकॉर्ड तोर दिया हैं।दिन के 11 बजे के बाद सड़क पर सनाटा छायी रही।मंसूरचक बाजार में लोगो का आवागमन पूरी तरह ठप दिखा। काफी कम लोग अधिक जरूरत पर बाहर जब निकलते है तो सिर्फ गंजी और बूढ़े लोग खाली बदन पर ही चलते चलते जब उन्हे गर्मी पसीना चलने लगता है तो वे सड़क के किनारे पेड़ के छांव का सहारा लेने लगते है।ठीक साईकिल सवार लोग भी गर्मी बर्दाश्त नही कर पाते है तो सड़क किनारे साईकिल खड़ी कर पेड़ के नीचे जाकर दुबक जाते हैं।नैपुर निवासी किसान उमेश सिंह बताते है कि जब अधिक तपिश के कारण बच्चो,शिक्षको को मरते देख शिक्षा विभाग के आलाधिकारी, मुख्यमंत्री ने काफी ही विलंब से फैसला लेकर बच्चो के लिए स्कूल में छुट्टी और शिक्षको को सुबह छःबजे से 1:30 बजे तक स्कूल में रहने की बाध्यता कर दिया गया हैं।जो कही से भी न्याय,कानून संगत बात नही हैं।सेवानिवृत सर्किल अंचल निरीक्षक रामबहादुर महतो ने बताया कि पूरे जिन्दगी में इस तरह का हिटरलर शाही शिक्षा विभाग में कभी नही देखा था।शिक्षकों को मानसिक टार्चर कर-के कभी नहीं शिक्षा का अलख बिहार में जगया जा सकता हैं।अभिभावक अमीत कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा विभाग के एसीएस के के पाठक विभाग में लूट खसोट पर पर्दा डालने के लिए शिक्षको को प्रताड़ित कर रहें है और मुख्यमंत्री सारी बातो से अवगत होते हुए भी चुप्पी लगाये हुए हैं।

हर्ष फायरिंग में दूल्हे के भांजे को गोली मारकर किया जख्मी

वीरपुर/बेगूसराय/सं। पुलिस प्रशासन की लाख प्रयास के बावजूद हर्ष फायरिंग का घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है।घटना बीते रात्रि वीरपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी मुनीचक की बताई जा रही है।बीते रात्रि शादी समारोह में हर्ष फायरिंग में गोली लगने से एक 17 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने जख्मी को प्राथमिक उपचार कराने बाद उसे सदर अस्पताल बेगूसराय में भर्ती करवाया है।घायल युवक की पहचान समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र स्थित चंद्रपुर निवासी सुनील कुमार महतो के 17 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि प्रिंस अपने श्रीपुर अर्जुन टोला मामा की शादी में पकड़ी मुनीचक बारात आया था। रात्रि करीब 1:30 बजे शादी समारोह में जयमाला के दौरान वह आगे की कुर्सी पर बैठा हुआ था।

डायरिया से पीड़ित तीसरी रोगी की मौत से कांप उठा नप बीहट

जिलास्तरीय मेडिकल टीम पहुंची बीहट

नियमित रूप से शुरू हुआ कचरे का उठाव

बीहट/बेगूसराय/संवाददाता। स्वच्छ व सुन्दर नगर परिषद बीहट इन दिनों लापरवाही और संवेदक,कार्यालय,जनप्रतिनिधि गंठजोड़ के कारण नरक परिषद बीहट बनता चला जा रहा है। जिसका आलम है कि ऊमस भरी प्रचंड गर्मी पड़ने से मानव का जीवन पहले से ही अस्त-व्यस्त है।और नियमित रूप से कचड़े का उठाव और जल का निकासी नहीं होने मात्र से नप बीहट वार्ड संख्या -23 में फैली डायरिया ने आस-पास के क्षेत्रों के लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।समस्या इतनी बड़ी विशाल होती चली गई की एक-एक परिवार से बच्चे,बुढ़ी को अपनी जान गंवाकर बीहट नगरवासी होने की कीमत चुकानी पड़ी।समस्या इतने पर ही नहीं खत्म हो जाती है डायरिया स्वास्थ्य विभाग के हर प्रयास के बावजूद अपने पांव पसारने में कामयाब हो रही है। इस तरह से एक सप्ताह में नगर परिषद बीहट क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड संख्या -23 में दो बच्चे और एक वयस्क महिला की मौत हो चुकी है।ना जानें और कितने जीवन लेने के बाद यह यह समाप्त होगी।हालांकि लगातार खबर छपने और विभिन्न न्यूज चैनलों पर प्रसारित होने के साथ ही जिला प्रशासन की आंख खुली और इसे गम्भीरता से लेते हुए जिला स्तरीय मेडिकल टीम भेजकर जायजा लेना शुरू कर दिया गया है। बताते चलें कि स्थानीय जनप्रतिनिधि, विकास मित्र, सफाईकर्मी, सफाई संवेदक, स्वच्छता निरीक्षक सहित अधिसूचित पदाधिकारी, स्टेंडिंग कमेटी एवं निर्वाचित वरीय जनप्रतिनिधि की गठजोड़ जारी रहेगा तब तक यह खेल चालू रहेगा।

सैंपल कलेक्शन सेंटर का भ्रमण

बेगूसराय/संवाददाता। उच्च जोखिम समूह में एचआईवी,हेपेटाइटिस, सिफलिस आदि के फैलाव के तरीके तथा ट्रेंड्स के पता करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सेंटिनल सर्विलांस एचएसएस 18 राउंड का क्रियान्वयन बिहार में हो रहा है।कार्यक्रम की गुणवत्ता एवं सैंपल संकलन के तरीके का मूल्यांकन करने के लिए एम्स नई दिल्ली के प्रोफेसर सेंटर फॉर कम्युनिटी मेडिसिन सह नोडल अधिकारी रीजनल इंस्टीट्यूट फॉर एचआईवी सेंटिनल सर्विलेंस डॉ संजय कुमार राय बिहार ग्रामीण जागरूकता अभियान समिति द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के सैंपल कलेक्शन सेंटर का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान उन्होंने काउंसलिंग, डॉक्यूमेंटेशन एवं ब्लड सैंपल लेने के तरीके को देखा तथा कार्यरत कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।संस्था द्वारा किए गए कार्य की सराहना की।इनके साथ बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के उपनिदेशक मंत्रेश्वर पाठक नोडल पदाधिकारी बेगूसराय भी थे।इसके पूर्व बिहार राज्य के नोडल पदाधिकारी डॉ विजय कुमार के द्वारा इस कार्य का अनुश्रवण किया गया।भ्रमण के दौरान संस्था के कार्यपालक निदेशक ई कौशलेंद्र कुमार समेत सभी कर्मी उपस्थित थे।

लू से बचना है तो भारी भोजन और शराब से बचें : डॉ कुंदन

नावकोठी/बेगूसराय/संवाददाता। बढ़ती गर्मी व हीट वेव से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।वहीं लू की चपेट में आकर बीमार हो गए हैं।आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच जब धूप सबसे तेज होती है तो इस दौरान बाहर निकलने से बचें।यदि आपको बाहर जाना ही पड़े तो छाता,टोपी और धूप चश्मा का प्रयोग करें।निर्जलीकरण लू लगने का एक प्रमुख कारण है।दिन भर में खूब पानी,नींबू पानी,छाछ,लस्सी,तरबूज का जूस और नारियल पानी जैसे तरल पदार्थ पिएं।दिन में कम से कम दो बार ठंडे पानी से स्नान या स्पंज करें।खिड़कियों और दरवाजों पर पर्दे लगाएं।पंखे और एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करें।गीले कपड़े लटकाएं,जिससे हवा में नमी बढ़ेगी।भारी भोजन और शराब से बचें।नियमित व्यायाम करें।बुजुर्गों,बच्चों और बीमार लोगों का ध्यान रखें।ये लोग लू लगने के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।जब आप बहुत गर्म हों तो तुरंत ठंडा पानी न पीएं।लू लगने के बाद तेज बुखार,सिरदर्द,चक्कर आना,थकान,ज्यादा पसीना आना,मांसपेशियों में ऐंठन,मतली,उल्टी और बेहोशी आदि लक्षण हैं।लू लगने पर तुरंत ठंडी जगह पर ले जाएं।ढीले-ढाले कपड़े पहनाएं।ठंडे पानी से स्पंज करें।नींबू पानी पिलाएं।यदि बुखार कम नहीं होता है या बेहोशी की स्थिति है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

सड़क दुर्घटना में दो घायल, बेगूसराय रेफर

वीरपुर/बेगूसराय/संवाददाता। गुरुवार की दोपहर में बेगूसराय वीरपुर संजात पथ पर सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गया।घटना के संबंध में स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सिकरहुला निवासी मोहम्मद आमिर एवं मोहम्मद इस्माइल एक ही बाइक पर सवार होकर वीरपुर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान वीरपुर पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर बीबीएस पथ पर एक मोटरसाइकिल सवार युवक ने ठोकर मारते वीरपुर की तरफ भाग निकला।इस दुर्घटना में सिकरहुला के बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में जख्मी को इलाज हेतु वीरपुर पीएचसी में भर्ती करवाया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जख्मी को सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया।घटना को लेकर घटनास्थल पर कुछ देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।समाचार प्रेषण तक जख्मी युवक का इलाज बेगूसराय में चल रहा था।

रामकथा के तीसरे दिन भगवान राम का जन्म होते ही पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा

नावकोठी/बेगूसराय/संवाददाता। मोहद्दीनपुर में हो रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन देर संध्या में कथा वाचक अखिलेशानंद जी महाराज ने कहा कि महाराजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति हेतु यज्ञ आरंभ किया।इस प्रकार समस्त पण्डितों, ब्राह्मणों, ऋषियों आदि को यथोचित धन- धान्य,गौ आदि भेंट कर विदा करने के साथ यज्ञ की समाप्ति हुई।राजा दशरथ ने यज्ञ के प्रसाद चरा (खीर) को अपने महल में ले जाकर अपनी तीनों रानियों में वितरित कर दिया।प्रसाद ग्रहण करने के परिणामस्वरूप तीनों रानियों ने गर्भधारण किया।कर्क लग्न का उदय होते ही महाराज दशरथ की बड़ी रानी कौशल्या के गर्भ से एक शिशु का जन्म हुआ जो कि नील वर्ण,चुंबकीय आकर्षण वाले,अत्यन्त तेजोमय,परम कान्तिवान तथा अत्यंत सुंदर थे।इसके पश्चात महारानी कैकेयी के एक तथा तीसरी रानी सुमित्रा के दो तेजस्वी पुत्रों का जन्म हुआ।सम्पूर्ण राज्य में आनन्द मनाया जाने लगा।देवता अपने विमानों में बैठ कर पुष्प वर्षा करने लगे।चारों पुत्रों का नामकरण संस्कार महर्षि वशिष्ठ के द्वारा किया गया तथा उनके नाम रामचन्द्र,भरत,लक्ष्मण और शत्रुघ्न रखे गए।प्रभु रामचन्द्र अत्यन्त विलक्षण प्रतिभा के थे जिसके परिणामस्वरू अल्प काल में ही वे समस्त विषयों में पारंगत हो गए।

जिलाधिकारी ने की मतगणना कार्य की तैयारियों की समीक्षा

बेगूसराय/सं। समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकरी सह जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु मतगणना 4 जून 2024 की तैयारियों के संबंध में समीक्षात्मक बैठक किया।इस बैठक में अपर समाहर्त्ता,उप विकास आयुक्त,नगर आयुक्त,एडीएम पीजीआरओ,विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, सातों विधानसभा क्षेत्र के एआरओ एवं जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।जिला निर्वाचन पदाधिकरी सह जिला पदाधिकारी बेगूसराय द्वारा कार्मिक कोषांग से संबंधित मतगणना कर्मियों की प्रतिनियुक्ति,उनके प्रशिक्षण एवं प्रवेश-पत्र निर्गत करने के संबंध में कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया।सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्ति होने वाले लेखन सामग्री की उपलब्धता के संबंध में समीक्षा की गयी एवं ससमय सामग्री की उपलब्धता कराने का निदेश दिया गया।मतगणना के पश्चात रि-सिलिंग होने वाले ईवीएम को वज्रगृह में रखने की तैयारियों की भी समीक्षा की गयी। ईवीएम सेल के नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मतगणना के पश्चात्रि-सिलिंग किये गये ईवीएम को स्टील बक्से में रखकर वेयर हाउस में रखवाया जायेगा।

OMKARA Assets Reconstruction Private Limited

ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
CIN: U67100TZ2014PTC020363
कॉरपोरेट कार्यालयः कोहिनूर स्क्वायर, 47वीं मंजिल, एन. सी. केलकर मार्ग, आर. जी. गडकरी चौक, दादर (वेस्ट), मुंबई-400028
ईमेलः rajesh.jumani@omkaraarc.com/zuber.khan@omkaraarc.com अधिकृत अधिकारी मो. नं.: +918657969231/+918657969233

[अनुलग्नक-IV-ए]
(नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) के प्रावधान देखें]
अचल सम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूतिकरण तथा वित्तीय सम्पत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) के प्रावधानों के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आमतौर पर जनसाधारण तथा विशेष रूप से कर्जदारों तथा गारंटीदाताओं को सूचित किया जाता है कि प्रत्याभूत ऋणदाता के पास गिरवी पर रखी/प्रभारित नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्तियों पर ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि., आगे, ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि. (ओएआरपीएल), (ओमकारा पीएस 30/2021-22 ट्रस्ट की क्षमता में कार्यरत) के अधिकृत अधिकारी ने भौतिक कब्जा कर लिया है, जिसने इंडसइंड बैंक लि. (नियोजक बैंक) से दिनांक 30.09.2021 की सुपुर्दगी अनुबंध के मार्फत नीचे उल्लेखित खातों के सम्पूर्ण बकाया ऋण के साथ नियोजक बैंक से अंतर्निहित जमानत को अधिकृत कर लिया है। फलस्वरूप, ओएआरपीएल ने नियोजक बैंक से अधिकार हासिल कर लिया है एवं बकाया रकम की वसूली तथा प्रतिभूति को जब्त करने का भी अधिकार प्राप्त कर लिया है। ओएआरपीएल के अधिकृत अधिकारी ने कर्जदार/गिरवीदाता/सह-कर्जदार से नीचे उल्लेखित प्रत्याभूत सम्पत्ति का भौतिक कब्जे पर अधिग्रहण कर लिया है। ओएआरपीएल के अधिकृत अधिकारी बकाया रकम की वसूली के लिए नीचे उल्लेखित प्रत्याभूत सम्पत्तियों को बिक्री करना चाहते हैं तथा अतएवं प्रत्याभूत सम्पत्तियों की खरीद के लिए मुहरबंद लिफाफे में निविदाएं/बोलियां आमंत्रित की गई है।

नीचे उल्लेखित संबंधित कर्जदारों तथा सह-कर्जदारों से प्रत्याभूत ऋणदाता के रूप में ओएआरपीएल के प्रति संबंधित कॉलम में उल्लेखित बकाया रकम की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) एवं (4) के प्रावधानों के अधीन अधिकारों तथा शक्तियों का प्रयोग कर सम्पत्तियों की **जैसे है जहां है, जैसे है जो है तथा वहां जो कुछ है तथा बिना किसी दायित्व के आधार** पर उसे बिक्री किया जाएगा। कर्जदारों/गारंटीदाताओं/गिरवीदाताओं, प्रतिभूतियों, स्वत्वाधिकारी, बकाया रकम, धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना की तारीख, कब्जा की तारीख, आरक्षित मूल्य, बोली वृद्धि रकम, बयाना राशि जमा (ईएमडी), निरीक्षण की तारीख एवं समय का विवरण नीचे उल्लेखित हैः

क्र. सं.	कर्जदारों/गारंटीदाताओं/ गिरवीदाताओं के नाम	प्रत्याभूत सम्पत्ति का विवरण	सम्पत्ति का स्वत्वाधिकारी	31.03.2024 को बकाया रकम (रु. में)	मांग सूचना की तारीख	भौतिक कब्जा की तारीख	आरक्षित मूल्य (रु. में)	बोली वृद्धि रकम (रु. में)	ईएमडी (रु. में)	निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	1. मैसर्स यूटोपिया डिस्ट्रीब्यूशन और सेल्स प्राइवेट लिमिटेड 2. प्रभात रंजन 3. प्रिया रंजन 4. सुशीला मिश्रा 5. रजनी रंजन	**संपत्ति 1:** मुहल्ला डाक बंगला रोड, डाकघर जीपीओ -पटना, पीएस-कोतवाली, जिला -पटना, थाना संख्या 137, नगर सर्वेक्षण प्लॉट संख्या - 137, नगर सर्वेक्षण संख्या 18, होल्डिंग संख्या 910, सर्किल संख्या 6, में स्थित एन.पी. सेंटर के नाम से मशहूर इमारत की चौथी मंजिल पर 642.25 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाला एक पक्का निर्मित कार्यालय जिसका संख्या 410 , आसान पहचान के लिए और निम्नानुसार सीमाबद्ध हैः- ***उत्तर में:*** भवन का अंतिम छोर, ***दक्षिण में:*** गलियारा, ***पूर्व में:*** कार्यालय नं. 408, ***पश्चिम में:*** गलियारा। **** सम्पत्ति का विवरण श्री प्रभात रंजन के नाम पर दिनांक 18.05.2007 के विलेख सं 9373 में विशेष रूप से विस्तारित तारिका से उल्लेखित है। **संपत्ति 2:** मुहल्ला डाक बंगला रोड, डाकघर जीपीओ -पटना, पीएस-कोतवाली, जिला -पटना, थाना संख्या 137, नगर सर्वेक्षण प्लॉट संख्या - 100 (अंश), वार्ड नं - 02, सर्किल संख्या 6, में स्थित एन.पी. सेंटर के नाम से मशहूर भवन का तहखाना पर 300 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाला एक दुकान जिसका कार्यालय संख्या LG/5B , आसान पहचान के लिए और निम्नानुसार सीमाबद्ध हैः- ***उत्तर में:*** भवन का अंतिम छोर, ***दक्षिण में:*** गलियारा, ***पूर्व में:*** दुकान नं LC/5/A , ***पश्चिम में:*** दुकान नं LC /6 . **** सम्पत्ति का विवरण श्रीमति प्रिया रंजन के नाम पर दिनांक 08.07.1996 के विलेख सं 9373 में विशेष रूप से विस्तारित तारिका से उल्लेखित है।	**सम्पत्ति - 1** **प्रभात रंजन** **सम्पत्ति - 2** **प्रिया रंजन**	**रु. 2,46,94,384.44** (रुपये दो करोड़ छियालीस लाख नब्बे चार हजार तीन सौ चौरासी और केवल चवालीस पैसा मात्र)	08.06.2021	**सम्पत्ति - 1** 18.09.2023 **सम्पत्ति - 2** **18.09.2023**	**सम्पत्ति - 1** **रु.77,50,000.00** (सतहत्तर लाख पचास हजार रूपये मात्र) **सम्पत्ति - 2** **रु. 58,50,000.00** (अट्ठावन लाख पचास हजार रुपये केवल)	**सम्पत्ति - 1** रु. 25,000/- **सम्पत्ति - 2** रु. 25,000/-	**सम्पत्ति - 1** **रु.7,75,000.00** (सात लाख पचहत्तर हजार रूपये मात्र) **सम्पत्ति - 2** **रु. 5,85,000.00** (पांच लाख पचासी हजार रुपये मात्र)	**19.06.2024** को प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक (संपत्ति 1 और संपत्ति 2 दोनों के लिए)

खाता नं. : 055505010221, लाभार्थी का नामः ओमकारा पीएस 30/2021-22 ट्रस्ट, बैंक : आईसीआईसीआई बैंक, शाखाः बांद्रा (ई) मुंबई, आईएफएससी कोडः आईसीआईसी0000555

भागीदारी के बोली पत्र/केवाईसी दस्तावेज/ईएमडी के साक्ष्य जमा करने की अंतिम तारीखः 05.07.2024 शाम 5:30 बजे तक. (संपत्ति 1 और संपत्ति 2 दोनों के लिए)

ई-नीलामी की तिथि और समयः 08.07.2024 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक (संपत्ति 1 के लिए); 08.07.2024 अपराह्न 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक (संपत्ति 2 के लिए)

नीलामी के नियम एवं शर्तेः बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया प्रत्याभूत ऋणदाता (ओएआरपीएल) की वेबसाइट पर लिंक यानी **http://omkaraarc.com/auction.php** अथवा सेवा प्रदाता की वेबसाइटः **http://www.bankeauction.com** देखें

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित नियम 9(1) के अधीन बिक्री के लिए संविधिक सूचना

यह सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) तथा प्रतिभूतिकरण तथा वित्तीय सम्पत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन उपरोक्त ऋण खाते के कर्जदारों के लिए न्यूनतम 30 (तीस) दिनों की अनिवार्य सूचना है, जिसमें ऊपरोक्त उल्लेखित तारीख एवं समय को ई-नीलामी के जरिए नीलामी/बिक्री आयोजित करने की जानकारी दी जा रही है।

तारीखः 31.05.2024
स्थानः पटना, बिहार

हस्ता/-
अधिकृत अधिकारी, ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि.
(ओमकारा पीएस 30/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्यरत),